देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 295 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 6 मार्च 2024

विचार-प्रवाह...
खेती का मूल संकट





मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0° | 73872.29

2 चीन ने जमकर बढ़ाया रक्षा बजट

7 मंज़िल से ज्यादा सफर खास रहा!

# मैंने देश के लिए खुद को खपाया

## पीएम मोदी ने परिवारवाद का जिक्र करते हुए विपक्ष पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संगारेड्डी। पीएम मोदी ने तेलंगाना के संगारेड्डी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने परिवारवाद का जिक्र करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा,मैं घोटाले का खुलासा करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज मैं लगातार दूसरे दिन तेलंगाना में हूं जितना उत्साह मैं तेलंगाना के लोगों में बीजेपी के लिए देख रहा हूं उतना ही मेरा विश्वास और भी बढ़ता जा रहा है। आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा। जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं, जब मैं कहता हूं कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है, तो ये लोग जवाब नहीं देते बल्कि उल्टा कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार ही नहीं है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, आज जब मोदी आपसे और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है – क्योंकि मैं इनके सैंकड़ों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं।

परिवारवादी पार्टियों के सदस्य अपना काला धन छिपाने के लिए भारत के बाहर बैंक खाते खोलते हैं, जबकि मैं गरीबों को जन धन खाते खोलने और उनके विकास को गति देने में मदद करता हूं। परिवारवादी आलीशान घरों में रहते हैं, जबकि मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि गरीबों को पक्के घरों में सोने को मिले। उन्होंने आगे कहा, परिवारवादियों ने अपने बच्चों को बसाने के लिए भारत के संसाधनों को बेच दिया, जबकि मैं आपके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदलने का प्रयास करता हूं। 140 करोड़ भारतीय मेरा परिवार हैं।

पीएम मोदी ने कहा,तेलंगाना को दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार कहा जा सकता है। रेलवे के विद्युतीकरण पर काम किया जा रहा है। 6 नए स्टेशन भी बनाए गए हैं। इन विकासों का तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### अयोध्या और कश्मीर में मोदी की गारंटी पूरी हुई

प्रधानमंत्री ने आर्टिकल 370 का जिक्र करते हुए कहा,हमने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा बीजेपी ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई।



### मेरे लिए देश का हर परिवार सबकुछ : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा,वो (विपक्ष) कहते हैं – परिवार पहले, मोदी कहता है – राष्ट्र पहले। उनके लिए उनका परिवार भी सबकुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सबकुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है।

### 7000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तेलंगाना संगारेड्डी में सात हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने तेलंगाना को नए मील के पत्थर हासिल करने में मदद करने के लिए कड़ी मेहनत की है। आज मुझे 7000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने का अवसर मिला। मैं केवल एक ही इरादे से काम करता हूं– राष्ट्र के विकास के लिए राज्यों का विकास। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गई है। इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्री ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया सीधा संदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए। नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए।

### अपहरण मामले में धनंजय सिंह दोषी करार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जौनपुर। पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सहयोगी संतोष विक्रम को अपहरण व रंगदारी मांगने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश शरद त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को दोषी करार दिया गया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई बुधवार को होगी। अपहरण, रंगदारी मांगने व अन्य धाराओं में धनंजय सिंह व उनके साथी संतोष विक्रम पर प्राथमिकी दर्ज कराया था।

# आप मोबाइल देखो, जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ

## भारत जोड़ों न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शाजापुर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राघौगढ़ से चलकर शाजापुर पहुंची। यहां उन्होंने रोड शो किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि मोदी जी चाहते हैं कि आप मोबाइल देखो। जय श्री राम बोलो और भूखे मर जाओ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पीएम मोदी जातिवाद और धर्मवाद को बढ़ावा देते हुए आपस में लड़वा रहे हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह 11 बजे शाजापुर जिला मुख्यालय पहुंची। राहुल गांधी के रोड शो के दौरान जगह–जगह लोगों ने स्वागत किया। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने अपने कार्यकर्ताओं का ही अभिवादन स्वीकार नहीं किया। इस दौरान कई घंटे पहले ही प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से शहरी हाईवे पर लोगों की आवाजाही बंद कर दी थी। इससे राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर पुलिस से बहस भी हुई। कई स्थानीय कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का स्वागत करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें भी रोक दिया गया। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा भाषा को भाषा से लड़ाती है। धर्म को धर्म से लड़ाती है। जाति को जाति से लड़ाती है। इसके खिलाफ हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है। युवाओं को बेरोजगार बना दिया है और वह दिनभर रील्स देखते रहते हैं। सारा रोजगार तो चीन के युवाओं को मिल रहा है। इन युवाओं को न्याय दिलाने के लिए ही यात्रा निकाल रहा हूं।

### मोदी–मोदी, जय श्री राम के नारों से राहुल का स्वागत

शाजापुर शहर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत में ही भाजपा के कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे थे। उन्होंने राहुल गांधी का स्वागत मोदी–मोदी नारे लगाकर किया। इसे सुनकर राहुल गांधी खुद गाड़ी से उतरे। भाजपा कार्यकर्ताओं के पास पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे भी लगाए। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के हाथ में आलू भी दिए। उनसे कहा कि आलू से सोना बना दीजिए।

# शाहजहां को सीबीआई के हवाले करें ममता सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कलकत्ता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले सहित वहां से जुड़े तीन मामलों की जांच मंगलवार को सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए टीएमसी नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अगुवाई वाली खंडपीठ ने राज्य पुलिस को संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपित तृणमूल नेता शाहजहां शेख को आज ही शाम 4रू30 बजे तक सीबीआई को सौंपने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने इसके साथ संदेशखाली कांड से जुड़े तीनों मामलों के सभी दस्तावेज भी पुलिस को तत्काल सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया है। अदालत ने इसके अलावा ईडी अधिकारियों पर हमले की पड़ताल के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को खारिज कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हुए हमले की घटना के 56 दिनों बाद फरार मुख्य आरोपित तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पिछले हफ्ते पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### आदेश

■कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश, सुको पहुंची राज्य सरकार

**फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती**

चर्चित संदेशखाली मामले में ममता सरकार ने सीबीआई जांच के निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मंगलवार को याचिका का उल्लेख किया। सुको ने वकील से शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष इसका उल्लेख करने को कहा।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देवभूमि से सिर्फ दो हजार में फ्लाइट से होंगे अयोध्या के दर्शन

**संवाददाता**

देहरादून। देवभूमि से अयोध्या धाम के दर्शन हवाई सेवा से सिर्फ 1999 रुपये में होंगे। यह छूट 7006 रुपये फ्लाइट के टिकट पर 20 मार्च तक रहेगा। इसके अलावा पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी उद्घाटन के दिन 1999 रुपये किराया रहेगा। जबकि नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। सभी उड़ानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को जौलीग्रांट में करेंगे।

### श्री राम मंदिर दर्शन करने वालों को सरकार का बड़ा तोहफा

उत्तराखंड के जौलीग्रांट एयरपोर्ट (हवाई अड्डा) से राज्य सरकार एयर कनेक्टिविटी योजना के तहत बुधवार से तीन बड़े शहर अयोध्या, वाराणसी और अमृतसर के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने अवगत कराया कि सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने कल से शुरू होने जा रही उड़ानों का शेड्यूल और किराया तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अयोध्या धाम जाने वाली फ्लाइट का किराया 7006 रुपये में बड़ी छूट देते हुए 20 मार्च तक 1999 रुपये तय किया है।

## न्यूज डायरी



### भारतीय सैनिकों को निकाल रहे, अब चीन के साथ की सीक्रेट मिलिट्री डील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव और भारत के बीच रिश्तों में तनाव और बढ़ता दिख रहा है। भारत के 85 सैनिकों को जाने का आदेश देने के बाद अब मालदीव की सरकार ने चीन के साथ दो सीक्रेट मिलिट्री डील की है। इन समझौतों को चीन और मालदीव के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में एक नए चैप्टर की शुरुआत माना जा रहा है। इन समझौतों पर मालदीव के रक्षा मंत्री घसान मौमून और चीनी सेना के मेजर जनरल झांग बाओकून ने हस्ताक्षर किया है। मालदीव की मीडिया के मुताबिक इन समझौतों को गुप्त रखा गया है और किसी को भी इनकी जानकारी नहीं दी जा रही है। इससे पहले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक निगरानी तंत्र बनाने का ऐलान किया था। लक्षद्वीप विवाद और चीन दौरे के बाद से लगातार मालदीव के राष्ट्रपति भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं और कई ऐसे कदम उठा रहे हैं जो भारत के लिए खतरा बढ़ा सकते हैं। माना जा रहा है कि चीन मालदीव में शक्तिशाली रेडॉर लगा सकता है जिससे भारत के हर युद्धपोत की मालदीव निगरानी कर सकेगा। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि इस समझौते में प्रावधान है कि चीन मुफ्त में मालदीव को सैन्य मुहैया करा सकता है। मालदीव ने चीन के साथ इन डील की कोई भी डिटेल खुद अपनी जनता के लिए भी सार्वजनिक नहीं किया है। इससे ड्रैगन की मंशा को लेकर मालदीव की मीडिया में भी सवाल उठ रहे हैं।

### पीएम मोदी ने दी पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई दी है। एक्स पर भेजे संदेश में पीएम मोदी ने लिखा, शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। पीएम मोदी ने ये बधाई संदेश तब भेजा है जब शरीफ ने पाकिस्तान के पीएम का पद संभालने के बाद कश्मीर को लेकर जहर उगला था। तब ये कयास लगने लगे थे कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अभी कम नहीं होने वाला है, लेकिन पीएम मोदी के बधाई संदेश के बाद एक बार फिर ये सवाल उठने लगा है कि क्या दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने वाली है। आखिर विशेषज्ञ इस बारे में क्या सोचते हैं, आइए जानते हैं। शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। शरीफ ने ऐसे समय में देश की कमान संभाली है, जब पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से बुरी तरह जूझ रहा है। पाकिस्तान में इस समय सरकार की पहली प्राथमिकता देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने की है। पाकिस्तान बिना पड़ोसी देशों से रिश्ते सुधारे इसे ठीक नहीं कर सकता है। पाकिस्तान में इस बात की संभावना पर जोर दिया जाता है कि वो भारत से रिश्ते सुधारे।

### चुनावों में धांधली पर भड़की हुई है इमरान खान की पार्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में नई सरकार बनने के बाद नेशनल असेंबली का सत्र चल रहा है। इस दौरान विपक्षी पार्टी पीटीआई जमकर सत्ता पक्ष पर निशाना साध रही है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नेता गौहर खान ने नए पीएम शहबाज शरीफ को लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने और चलाने के लिए भारत से सीख लेने की सलाह दी है। नेशनल असेंबली में बोलते हुए पीटीआई के अध्यक्ष और एमएनए गौहर अली खान ने कहा कि शरीफ परिवार का पूरा ध्यान अपना पेट भरने और अपने रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने पर है। जरूरत ना होने के बावजूद विभाग बढ़ाकर बांटे गए और बेवजह सीटें भी बढ़ा दी गईं। गौहर खान ने शहबाज शरीफ पर सीधा निशाना साधते हुए कहा, मैं आपको इंडिया की मिसाल देता हूं। 1971 में भारत की जनसंख्या 54 करोड़ थी और आज 140 करोड़ है। भारत में लोकसभा की सीटें जितनी 1971 में थीं, आज 140 करोड़ की आबादी होने पर भी उतनी ही सीटें हैं। इंडिया ने सीटें नहीं बढ़ाईं, उन्होंने कहा कि हमें अपनी जनता का पैसा बचाना है। सीटें बढ़ाने और ओहदे बांटने पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। आज भी 140 करोड़ लोग उन्हीं सीटों पर हैं। इसी फायदा पहुंचाने और अपनों की बढ़ाने की शरीफ परिवार की सियासत ने मुल्क को पीछे धकेला है और डेमोक्रेसी को तबाह किया है।

# चीन ने जमकर बढ़ाया रक्षा बजट भारत से कई गुना आगे निकला

रिपोर्ट

## ताइवान पर दुनिया को दे दिया बड़ा संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। अमेरिका, भारत, फिलीपीन्स और ताइवान से चल रहे तनाव के बीच चीन ने अपने रक्षा बजट में भारी भरकम बढ़ोत्तरी की है। साल 2024 में इसे 7.2 प्रतिशत बढ़ाया है। यह अब 230 अरब डॉलर पहुंच गया है जो भारत के करीब 75 अरब डॉलर के रक्षा बजट से तीन गुना ज्यादा है। चीन ने रक्षा बजट ऐसे समय पर बढ़ाया है जब्ब उसकी अर्थव्यवस्था तबाही के दौर में गुजर रही है और दुनियाभर के विश्लेषक बीजिंग को लेकर चेतावनी दे रहे हैं। यही नहीं चीन ने ताइवान को लेकर बड़ा संकेत दुनिया को दे दिया है। चीन ने भारी भरकम बजट के बाद ताइवान के प्रति कठोर भाषा का इस्तेमाल किया है। उसने ताइवान के शांतिपूर्ण एकीकरण शब्द को हटा दिया है। माना जा रहा है कि चीन आने वाले समय में ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ा सकते हैं।



चीन ने एक सरकारी वर्क रिपोर्ट में ताइवान को लेकर यह सख्त रुख अब अपनाया है। इस वर्क रिपोर्ट को चीन के प्रधानमंत्री ली किआंग ने चीनी संसद नैशनल पीपुल्स कांग्रेस में मंगलवार को पेश किया। चीन के इस रक्षा बजट पर उसके पड़ोसी देशों भारत, ताइवान, जापान और फिलीपीन्स के अलावा अमेरिका की भी नजर थी। चीन के पड़ोसी देश और अमेरिका दोनों ही बीजिंग की सैन्य मंशा को लेकर चिंतित हैं। चीन और अमेरिका के बीच सैन्य तैयारी बढ़ाने की जैसे होड़ सी लग गई है।

चीनी सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर शी जिनपिंग के राष्ट्रपति पद के दौरान रक्षा खर्च में भारी वृद्धि हुई है, जो 2013 में 720 बिलियन युआन से बढ़कर इस साल 1.67 ट्रिलियन युआन हो गया है। यह वृद्धि वार्षिक घरेलू आर्थिक विकास लक्ष्य से अधिक है। इसी वजह से चीन के पड़ोसी और अमेरिका बीजिंग के रणनीतिक इरादों और सैन्य विकास के बारे में चिंताओं के कारण रक्षा बजट पर कड़ी नजर रखते हैं। बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नए हथियारों के अधिग्रहण के लिए किए जाने की उम्मीद है क्योंकि चीन का लक्ष्य साल 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण है।

यह बजट चीन में लगातार 30वें वर्ष रक्षा खर्च में वृद्धि का प्रतीक है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय और मुख्यभूमि मामलों की परिषद ने टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है, लेकिन ताइवान के रक्षा मंत्री ने इस साल मिसाइल अभ्यास बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव के बाद, चीन के चौथे क्रम के नेता, वांग हुनिंग ने इस साल ताइवान की स्वतंत्रता के लिए किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने की प्रतिबद्धता की घोषणा की है जो पिछले बयानों की तुलना में एक सख्त रुख का संकेत देता है।

## गाज़ा में हिंसा स्वीकार नहीं, अब तत्काल रोकें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। भारत ने दोस्त इजरायल को गाजा में तत्काल तनाव कम करने और हिंसा रोकने का आह्वान किया है। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इलाके में तत्काल तनाव कम करने और हिंसा से बचा जाना चाहिए। उन्होंने सभी बंधकों को रिहा करने, उकसाने वाली और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों से बचने व शांति वार्ता को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने का भी आह्वान किया। कंबोज ने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों का हर समय विरोध करता रहा है। उन्होंने कहा, हिंसा को और बढ़ने व वहां होने होने वाली मौतों को रोकना जरूरी है। हर परिस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान होना चाहिए।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष में अब तक 30 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं, इनमें से ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। कंबोज ने गाजा संघर्ष के फैलने के खतरों के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने कहा, मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र अस्थिरता की ओर बढ़ रहा है। इस संघर्ष की गूंज लाल सागर में भी सुनाई दे रही है, जहां हौथियों ने जहाजों पर हमला किया है और अन्य देशों द्वारा जवाबी हमला किया गया है।



## अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी का कहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। सयुंक्त अरब अमीरात के अबू धाबी का हिंदू मंदिर आम लोगों के लिए खुल गया है। मुस्लिम देश में पहली बार हिंदू श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। आधिकारी वेबसाइट के अनुसार, पहले ही दिन 65,000 से अधिक तीर्थयात्री बीएपीएस हिंदू मंदिर पहुंचे। बता दें कि रविवार को यह मंदिर आम जनता के लिए खोला गया था। मंदिर खुलते ही शाम को यहां 25 हजार से ज्यादा लोगों ने पूजा–अर्चना की। बता दें कि 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। जानकारी के मुताबिक, पहले दिन नमाज अदा करने के लिए सुबह 40,000 और शाम को 25,000 से ज्यादा लोग बसों और गाड़ियों से मंदिर पहुंचे। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि भारी भीड़ के बावजूद लोग बिना किसी परेशानी के धैर्य के साथ कतार में खड़े रहे।

# हैती की दो बड़ी जेलों पर गिरोह ने किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■जेल से करीब 4000 कैदी हुए फरार

पोर्ट–ऑ–प्रिंस। कैरिबियाई देश हैती में एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी है। जिसके कारण दुनिया का सबरे खतरनाक देश गृहयुद्ध की चपेट में आ चुका है। वहीं, सशस्त्र गिरोह ने यहां की दो जेलों पर हमला कर दिया जिसके बाद इस जेल से लगभग 4000 कैदी भाग गए। फरार कैदियों में हत्या, डकैती और किडनैपिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले कई खूंखार अपराधी शामिल हैं।

वहीं, इस घटना के बाद से हैती सरकार ने जेल से फरार हुए कैदियों को फिर से गिरफ्तार करने के लिए देश भर में अगले 72 घंटों के लिए आपातकाल की घोषणा की है। जब हैती में जेलों पर हमला हुआ तो वहां कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हमले के वक्त जेल के सभी दरवाजे खुले पाए गए और सभी कर्मचारी मौके से नदारद थे। हालांकि, हैती सरकार का पूरे घटनाक्रम पर अलग बयान सामने आया है। सरकार के मुताबिक, जब उपद्रवियों ने जेल पर हमला किया तो पुलिसकर्मी वहां पर मौजूद थे और इस दौरान वे घायल भी हो गए।

हैती में बीते लंबे समय से सत्ता को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो रहा है। पूर्व पुलिस अधिकारी जिमी चेरिजियर का गिरोह प्रधानमंत्री एरियल हेनरी को सत्ता से हटाना चाहता है, जिन्होंने 2021 में राष्ट्रपति जोवेनेल मोइज की हत्या के बाद से संकटग्रस्त देश का नेतृत्व किया है। ये गिरोह अपने इरादों को अंजाम देने के लिए हैती के सरकारी संस्थानों पर हमला करता रहता है और हैती के लोगों के मन में मौजूदा सरकार के खिलाफ असंतोष पैदा करना चाहता है।

वहीं, बीती रात को एक ऐसी ही हिंसक घटना में गिरोह ने हथियारों के साथ देश की जेलों पर हमला किया। हमले के कारण जेलों में बंद लगभग 4000 अपराधी फरार होने में कामयाब रहे।

### सऊदी मस्जिदों में इफ्तार पार्टी पर रोक


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। रमजान का पवित्र महीना शुरू होने से पहले ही सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने एक ऐसा आदेश दिया है जो हैरान करने वाला है। एमबीएस के नाम से मशहूर क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब की मस्जिदों में इफ्तार पार्टियों का आयोजन करने पर रोक लगा दी है। सऊदी अरब ही वो देश है, जहां पर इस्लाम की सबसे पवित्र माने जाने वाली दो जगहें मक्का और मदीना मौजूद हैं। सऊदी किंग इन मस्जिदों के संरक्षक भी हैं। इस वजह से सऊदी अरब खुद को अघोषित तौर पर खुद को इस्लाम के अगुवा के तौर पर पेश करता है। अब वहीं के क्राउन प्रिंस ने देश की मस्जिदों में इफ्तार पार्टियों को प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब मोहम्मद बिन सलमान ने इस तरह का आदेश दिया है। दरअसल क्राउन प्रिंस सऊदी अरब को एक रुढ़िवादी मुस्लिम देश से माडरेट इस्लामिक मुल्क की ओर ले जाना चाहते हैं।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से किया जाए निराकरण

**जन संवाद**

## तहसील दिवस पर शिकायतों का मौके पर ही किया गया निराकरण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद वासियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक सोमवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जिलाधिकारी के निर्देशन में हर माह के पहले व तीसरे मंगलवार को रोस्टरवार सभी तहसीलों में तहसील दिवस का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम जनमानस की समस्याओं का निस्तारण किया जा सके।

मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में तहसील सभागार में रुद्रप्रयाग तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा 02 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें दोनों शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।



आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर ग्राम थलासू के मदन लाल ने अपनी समस्या दर्ज करते हुए कहा कि बीते दिनों हुई अत्यधिक बारिश से उनका आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके लिए उन्होंने उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की। गुनाऊ गांव की राजेश्वरी देवी ने उनके दो पोते–पोतियों के भरण–पोषण की जिम्मेदारी आ जाने से उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु मदद की गुहार लगाई।

आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का यथासंभव प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजित तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई जाती हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, तहसीलदार राम किशोर ध्यानी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसांई, सहायक अभियंता जल संस्थान रेवत सिंह रावत सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि, देहरादून

पत्रांक– 775/निविदा–नीलामी–कोटेशन दिनांक–4/03/2024

**संशोधन**

1. इस कार्यालय के पत्रांक 707/निविदा दिनांक 28.02.2024 से प्रकाशित निविदा सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है– निविदा 07 मार्च 2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिन 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते यथावत् रहेंगी।
2. इस कार्यालय के पत्रांक 708/नीलामी दिनांक 28.02.2024 से प्रकाशित नीलामी सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है– नीलामी 07 मार्च 2024 अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में की जायेंगी। नीलामी से सम्बन्धित शर्ते यथावत् रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि,
देहरादून।


# स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं छात्र–छात्राएं

**संवाददाता** देहरादून। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता, रायपुर के बीएससी गृह विज्ञान विभाग में मंगलवार को एक दिवसीय खाद्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर डी.पी. सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के अंदर कौशल विकास के साथ–साथ आजीविका के स्रोत का भी साधन बनते हैं।

कार्यक्रम में में "द दून चूल्हा" की संस्थापक श्रीमती कृष्णा द्वारा सेब का जैम, टमाटर का सॉस, मिक्स अचार, लाल मिर्च का अचार एवं करेले का अचार इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। गृह

**एक दिवसीय खाद्य प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन**

विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ डिंपल भट्ट द्वारा छात्र–छात्राओं को कौशल विकास प्रशिक्षण की उपयोगिता बताते हुए कहा गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से प्रशिक्षित छात्राएं स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रयास कर सकते हैं।

कार्यक्रम में समस्त छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ सविता वर्मा, डॉ ज्योति खरे, डॉ अनीता चौहान ,डॉ पूजा रानी, डॉ रेखा चमोली, डॉ रीना, डॉ लीना रावत आदि उपस्थित रहे।



## स्वीप टीम ने अनुसूचित जनजाति व ट्रांसजेंडर मतदाताओं से किया संवाद

**संवाददाता** चमोली। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) के निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चमोली जनपद में अनुसूचित जनजाति व ट्रांसजेंडर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप कार्मिकों ने अनुसूचित जनजाति कि ग्रामीणों और ट्रांसजेंडर के घर–घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। जनपद में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को स्वीप कार्मिकों ने देवलीबगड़, घिंघराण व अन्य अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गांवों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया।

## न्यूज डायरी

### एचडीएफसी बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए सेल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, सेल के 60,000 से अधिक ऑन–रोल और 65,000 संविदा (कॉन्ट्रेक्ट आधार पर कार्यरत) कर्मचारियों को अब एचडीएफसी बैंक के कॉर्पोरेट वेतन खाते (सीएसए) में जाने का अवसर मिला है। इस कदम से सेल के कर्मचारियों को खाते के हिस्से के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से काफी लाभ होगा। सेल भारत में सबसे बड़ी इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के महारत्नों में से एक है।

### एचडीएफसी बैंक ने उत्तराखंड में एक्सप्रेसवे टू–व्हीलर मेगा लोन मेला किया लॉन्च

**संवाददाता** हल्द्वानी। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने 6 मार्च, 2024 से 7 मार्च, 2024 तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक्सप्रेसवे दोपहिया मेगा लोन मेले की घोषणा की है। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से 750 से अधिक शाखाओं से भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा, बैंक ने प्रमुख दोपहिया डीलरों को बैंक की शाखाओं में अपनी नवीनतम दोपहिया पेशकश प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहल दोपहिया डीलरों और बैंक के बीच शाखाओं में मौके पर ही ऋण मंजूरी प्रदान करने के लिए कारगर साबित होगा।

# पांच ग्राम पंचायतों ने लखपति दीदी योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सरकार की महत्वकांक्षी लखपति दीदी योजना महिलाओं के लिए आजीविका सुधार का अहम जरिया साबित हो रही है। योजना के तहत कई ग्रामीण अंचल की महिलाओं के जीवन में सुधार आया है। जनपद रुद्रप्रयाग में अधिकारियों एवं प्रशासन के प्रयासों से पांच ग्राम पंचायतों ने योजना का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुए 281 महिलाओं को लखपति दीदी योजना से लाभान्वित कर मिसाल पेश की है।

मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने बताया कि राज्य सरकार की लखपति दीदी योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के

**■रुद्रप्रयाग की 281 महिलाएं बनी लखपति दीदी**

लिए विकास खंडों में लगातार प्रयास जारी हैं। योजना के तहत ग्राम पंचायतों में महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी वार्षिक आय एक लाख से अधिक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मौजूदा समय में जनपद के तीनों विकासखण्डों में से ऊखीमठ में तीन, अगस्त्यमुनि और जखोली में एक– एक ग्राम पंचायतों ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। ऊखीमठ ब्लॉक की ग्राम पंचायत गड़गू की 34, गैड की 15 एवं राउलेक की 31 महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ा गया है। अगस्त्यमुनि ब्लॉक की कंडारा ग्राम पंचायत की 90 और जखोली ब्लॉक की तैला ग्राम पंचायत की 111 महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ा गया है। ग्रामीण महिलाओं को कृषि, पशुपालन एवं वन उपज योजनाओं से जोड़ते हुए महिलाओं की आजीविका सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने मुख्य विकास अधिकारी सहित तीनों विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों की सराहना करते हुए और अधिक महिलाओं को लखपति दीदी योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।

## मुख्य विकास अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

**संवाददाता** चमोली। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने मंगलवार को राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षों के ताले खोले गए जहां सभी ईवीएम व वीवीपैट मशीनें सुरक्षित पाई गई। जिसके बाद सभी कक्षों को सील किया। मुख्य विकास अधिकारी ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेन्द्र सती, बीजेपी से गोविंद सिंह बजवाल, कांग्रेस पार्टी के आनंद सिंह पंवार मौजूद थे।



*कोई इन्सान दो आदमियों की एकनाथ खिदमत नहीं कार सकताय चाहे प्रभु की उपासना कर लो, चाहे कुबेर की।* – *अज्ञात*

विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 6 मार्च 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# खेती का मूल संकट

**केंद्र सरकार ने भले ही किसान आंदोलन के दबाव में यह पेशकश की हो, लेकिन दाल, मक्का और कपास पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का प्रस्ताव इस मायने में भी गौर करने लायक है कि इनकी खेती में कम पानी की जरूरत होती है।**

गुलशन राय खत्री।।

केंद्र सरकार की ओर से की गई तीन फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की पेशकश को किसानों द्वारा ठुकरा दिए जाने से समझौते का एक अच्छा मौका हाथ से निकलता दिख रहा है। इस मामले में किसान नेताओं का रुख जल्दबाजी से प्रेरित लग रहा है। उसमें सुधार की गुंजाइश ही नहीं, जरूरत भी है। इसकी कई ठोस वजहें गिनाई जा सकती हैं।

पंजाब ही नहीं, कई अन्य राज्यों में भी खेती से जुड़ा एक बड़ा संकट यह बताया जाता है कि गिरते भू जलस्तर की वजह से सिंचाई करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में धान, गेहूं और गन्ना जैसी फसलें जिन्हें ज्यादा पानी की जरूरत होती है, समस्या को और गंभीर बनाती हैं। चूंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य की नीति का फायदा असल में इन्हीं फसलों पर मिलता है, इसलिए किसानों के इन फसलों से हटने की स्थिति नहीं बन रही।



केंद्र सरकार ने भले ही किसान आंदोलन के दबाव में यह पेशकश की हो, लेकिन दाल, मक्का और कपास पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का प्रस्ताव इस मायने में भी गौर करने लायक है कि इनकी खेती में कम पानी की जरूरत होती है। लिहाजा, यह नीति किसानों को फायदा पहुंचाने के साथ ही आने वाले समय में पर्यावरण और खेती के हालात सुधारने के लिहाज से भी उपयोगी हो सकती है।

दिलचस्प है कि किसान नेताओं ने इस पेशकश को ठुकराने का जो आधार बताया है, वही इसे ज्यादा सार्थक बनाता है। सरकार का कहना है कि इस प्रस्ताव का फायदा उन किसानों को मिलेगा, जो फसलों का पैटर्न बदलते हैं। ध्यान रहे, आज की तारीख में किसानों के सामने मक्के, दाल और कपास जैसी फसलों को अपनाने की ठोस वजह नहीं है। ऐसे में यह नीति इस कमी को दूर सकती है।

बजट से जुड़ी सीमाओं को फिलहाल छोड़ दें, तब भी सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी की मांग पूरी तरह अव्यावहारिक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की गारंटी का तभी कोई अर्थ है जब सरकार खुद वे फसलें खरीदे वरना वह एक कागजी औपचारिकता बन कर रह जाएगी। धान और गेहूं की सरकारी खरीद को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खपाने की व्यवस्था है। अन्य फसलों के मामले में ऐसा नहीं है।

किसानों ने अपना यह आंदोलन ऐसे समय शुरू किया है, जब आम चुनाव को बमुश्किल दो–तीन महीने रह गए हैं। जाहिर है, मौजूदा सरकार कोई आश्वासन दे भी देती है तो उस पर अमल चुनाव के बाद गठित नई सरकार ही करेगी। यानी सरकार बदलने की स्थिति में इन वादों के भविष्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं रहा जा सकता। बेहतर होगा किसान नेतृत्व अपने रुख पर दोबारा विचार की संभावनाओं को खुला रखे।

## बाज पर आक्रमण




**अशोक वोहरा।** बाज दोने को मुख में दबाकर राजा के भवन की ओर उड़ चलाद्य वह यमुना नदी के ऊपर से उड़ता हुआ चला जा रहा थाद्य सहसा एक दूसरे बाज की दृष्टि उस पर पड़ी। इसने सोचा, यह अपने मुख में खाने की कोई वस्तु दबाए हुए है। अत उसने उस बाज पर आक्रमण कर दिया। दोनों बाजों में घमासन युद्ध करने लगा। परिणाम यह हुआ कि पहले बाज के मुख से दोना छूटकर, यमुना के जल में गिर पड़ा। दोने में रखा वीर्य पानी में मिल गया। एक मछली की वीर्य पर दृष्टि पड़ी। उसने सोचा यह खाने की वस्तु है। अतः वह उसको पानी के साथ निगल गई। फलतः मछली गर्भवती हो गई। दासराज नामक मल्लाह को वह मछली शिकार में मिली। जब उसने मछली के पेट को बीचो बीच से काटा तो उसके पेट से एक बालक और एक बालिका निकली।

## संपादकीय

### गांधी परिवार से दूरी

कुछ महीने पहले कांग्रेसी नेता मणिशंकर अय्यर की संस्मरणों की किताब 'मेमॉयर्स ऑफ ए मैवरिक' नाम से आई है। इसमें अय्यर ने राव को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री घोषित कर दिया है। कायदे से इस पर कांग्रेस में ही सवाल उठने चाहिए थे, लेकिन जहां राव को नकारने की परंपरा हो, वहां ऐसी उम्मीद बेमानी है। राव गांधी–नेहरू परिवार के बाहर के पहले पीएम हुए जिसने अपना कार्यकाल पूरा किया। शायद इस वजह से भी वह गांधी–नेहरू परिवार के निशाने पर रहे। हालांकि प्रधानमंत्री बनते ही राव ने राजीव गांधी फाउंडेशन को सौ करोड़ रुपये का सरकारी सहयोग दिया। लेकिन अपने पूरे कार्यकाल में उन्होंने शासन में गांधी–नेहरू परिवार की सलाह कभी नहीं ली। बाबरी ध्वंस को लेकर राव की लिखी किताब 'अयोध्या, 6 दिसंबर 1992' कम चर्चा में रही है। किताब में राव ने बाबरी ध्वंस न रोक पाने के लिए यूपी की तत्कालीन कल्याण सिंह सरकार के हलफनामे को जिम्मेदार बताया है। राव ने यह भी स्वीकार किया है कि भारी भीड़ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर काफी खून–खराबे की आशंका थी। इसलिए भी सख्त कार्रवाई नहीं की गई। इसे राव का दुर्भाग्य ही कहेंगे कि उनकी सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया।

लेकिन राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला और राव ने इतिहास बदलकर रख दिया। आज अगर भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है तो इसका कारण राव सरकार की रखी आर्थिक बुनियाद है।

# हाशिये पर डाला गया

उमेश चतुर्वेदी।।

आम तौर पर नरसिंह राव की पहचान दसवें प्रधानमंत्री और आर्थिक उदारीकरण के जनक के ही रूप में है। लेकिन भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से उनके व्यक्तित्व के दूसरे पहलुओं पर रोशनी डालने का भी मौका दिया है। 1991 में राव को संयोग से ही देश की कमान मिली। प्रधानमंत्री बनने से पहले उन्होंने राजनीति के कोलाहल से दूर हैदराबाद में पढ़ते–लिखते हुए जिंदगी के बाकी दिन गुजारने का मन बना लिया था। लेकिन राजीव गांधी की हत्या के बाद उन्हें प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला और राव ने इतिहास बदलकर रख दिया। आज अगर भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है तो इसका कारण राव सरकार की रखी आर्थिक बुनियाद है।

राव के कार्यकाल में छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिरी। अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की बुनियाद पर पली–बढ़ी राजनीति को इसके लिए राव इतने जिम्मेदार लगे कि उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में फेंकने की शुरुआत हो गई। इस प्रक्रिया का चरम 24 दिसंबर 2004 को दिखा, जब उनके शव के लिए कांग्रेस मुख्यालय का दरवाजा बेरुखी से बंद कर दिया गया और लाश को तकरीबन जबरदस्ती हैदराबाद भेज दिया गया। देश की आर्थिक चमक का श्रेय




कांग्रेस लेती है, लेकिन जिस राव ने इसकी बुनियाद रखी, उन्हें कोई श्रेय नहीं देती। हां, इसका कुछ श्रेय वह मनमोहन सिंह को जरूर देती रही है। लेकिन सवाल है कि अगर राव का हाथ मनमोहन की पीठ पर नहीं होता तो क्या गैर–राजनीतिक मनमोहन आर्थिक सुधारों की राह पर आगे बढ़ पाते?

कई भाषाओं के जानकार, बेहतरीन लेखक राव की छवि बौद्धिक व्यक्ति की भी रही। आर्थिक समझ तो उनकी बेहतर थी ही, कूटनीति को भी वह गहराई से समझते थे। बदले वैश्विक समीकरण के लिहाज से हिंद महासागर में चीन की बढ़ती ताकत और उसके भावी खतरे को वह इसी वजह से भांप सके। इसके बाद ही उन्होंने रूस की तरफ झुकी विदेश नीति को अमेरिका की ओर मोड़ा। राव का मानना था कि चीन को रोकना है तो भारत के लिए अमेरिका का साथ जरूरी है। 1992 में मालाबार में भारत और अमेरिका की सेनाओं का संयुक्त अभ्यास राव की इसी सोच का नतीजा रहा।

राव जानते थे कि आर्थिक ताकत के दम पर चीन एशिया में वर्चस्व कायम करने की कोशिश करेगा। लिहाजा उन्होंने चीन को घेरने की रणनीति बनाई और 1991 में 'लुक ईस्ट पॉलिसी' की शुरुआत की। भारत के वियतनाम, लाओस, इंडोनेशिया, कंबोडिया और थाईलैंड से आज बेहतर रिश्ते हैं तो इसकी वजह यह पॉलिसी ही है। एक दौर ऐसा था, जब कश्मीर पर भारत की नीति रक्षात्मक थी। राव ने इसे बदला। उनके ही कार्यकाल में संसद ने पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग घोषित करने वाला संकल्प पारित किया। 1994 में इस्लामिक देशों के सहयोग से पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकार हनन पर यूएन मानवाधिकार आयोग में भारत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा था। लगता था कि प्रस्ताव पारित हो जाएगा। तब राजनीति को किनारे रख राव ने जिनेवा जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल की कमान विपक्षी नेता वाजपेयी को सौंपी।

**सूडोकू नवताल-5410** ✱✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल -5409 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### तोड़ी आतंकवाद की कमर

**मोहन।** अस्सी और नब्बे के दशक में खालिस्तानी आतंकवाद ने पंजाब को लहूलुहान कर रखा था। 1987 से 1992 तक पंजाब में राष्ट्रपति शासन रहा, लेकिन राव ने अपने कार्यकाल में वहां चुनाव कराए। कांग्रेस को बहुमत मिला तो बेअंत सिंह को कमान सौंपी। राव अब भारत रत्न हैं। सच है कि जो बीजेपी उन्हें सम्मानित कर रही है, वह इसका सियासी फायदा भी उठा सकती है। लेकिन सवाल है कि राजनीति की कौन–सी धारा ऐसी है, जो अपने कार्यों का श्रेय न लेती हो, उसका फायदा उठाने की कोशिश न करती हो। फिर असम कैडर के आईपीएस अफसर केपीएस गिल को पंजाब पुलिस का प्रमुख बनाया। दोनों की जोड़ी ने सिविल प्रशासन के ही सहयोग से खालिस्तानी आतंकवाद की कमर तोड़ दी। वाजपेयी की कुशल कूटनीति के दम पर प्रस्ताव गिर गया। सोचिए, राव ने ऐसा नहीं किया होता तो क्या होता?





## अंबानी के फंक्शन से गायब रहे ये स्टार्स, बुलाया नहीं या गए नहीं?

जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले प्री–वेडिंग में बॉलीवुड की मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। तीन दिनों के फंक्शन में मशहूर हस्तियों को राजघराने की तरह सज–धज कर रिहाना, एकॉन, अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और श्रेया घोषाल सहित की धुनों पर नाचते हुए देखा गया। हालांकि, कुछ बड़े नाम सेलिब्रेशन से गायब थे। स्वास्थ्य संबंधी किसी समस्या के कारण ऋतिक रोशन वहां नहीं आ पाए। आइए बताते हैं कि ये सेलेब्स गए नहीं या इन्हें बुलाया नहीं गया। दरअसल, प्री–वेडिंग से कुछ दिन पहले, भ्तपजीपा त्वेंद ने बैसाखी के सहारे एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें पता चला था कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है और वह दर्द में हैं। करण पिछले साल ।दंदज ।उइंदप और त्कीपां डमतबींदज के सगाई में शामिल हुए थे, शादी से पहले प्री वेडिंग के जश्न से गायब थे। एनएमएसीसी उद्घाटन के लिए निक जोनस के साथ जाने वाली प्रियंका चोपड़ा जामनगर के समारोह में शामिल नहीं हुईं। हालांकि, उनकी मां मधु चोपड़ा इस इवेंट में शामिल हुईं। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने पिछले महीने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया, वे फिलहाल लंदन में हैं। वहां वे अपने नवजात बेटे की देखभाल में व्यस्त हैं। अनंत और राधिका की प्री–वेडिंग में वे इसी कारण नहीं आ सके। इस जश्न में काजोल भी नजर नहीं आईं, लेकिन अजय देवगन और उनकी बेटी निसा ने उनकी कमी पूरी कर दी।

## जॉनी लीवर ने ऋतिक रोशन का मंत्र फूंक किया था इलाज!

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन ने 50 साल की उम्र में भी खुद को मेनटेन किया हुआ है। वह अपनी सेहत का खासा ख्याल भी रखते हैं। लंबे समय से वह इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। साल 2000 में आई मूवी कहो ना प्यार है से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसमें अमीषा पटेल इनके अपोजिट थीं। दलीप ताहिल, मोनीष बहल, अनुपम खेर, फरीदा जलाल जैसे तमाम कलाकार नजर आए थे। इसमें जॉनी लीवर भी थे, जिन्होंने इंस्पेक्टर का किरदार निभाया था। मगर इस मूवी के दौरान राकेश रोशन के लाडले बीमार थे। जिसकी बीमारी एक मंत्र फूंककर जॉनी दूर कर दी थी। हालांकि, यह बात वैज्ञानिक तौर पर पुष्टि है कि जंतर–मंतर से किसी बीमारी का इलाज नहीं होता है। यदि ऐसा कहीं कुछ होता भी है तो यह महज संयोग है। जॉनी लीवर ने ऋतिक रोशन के साथ कई मूवीज की हैं। उसमें उनकी डेब्यू फिल्म कहो ना प्यार है भी शामिल है।

## जामनगर से बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग रवाना हुईं जान्हवी कपूर



गुजरात का जामनगर फिल्मी सितारों से सज गया, क्योंकि वहां अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का तीन दिनों तक प्री–वेडिंग फंक्शन सेलिब्रेट किया गया। अब सभी जानी–मानी हस्तियां वहां से अपने–अपने शहर रवाना हो रही हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ जामनगर से निकलते हुए स्पॉट किया गया। हालांकि, दोनों कभी साथ चलते दिखाई देते तो कभी पपराजी के सामने एक–दूसरे से दूरी बना लेते। इनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जान्हवी कपूर बहन खुशी और पिता बोनी कपूर के अलावा रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के सेलिब्रेशन में पहुंचीं। आज 4 मार्च को वो शिखर के साथ वेन्यु से मुंबई के लिए रवाना हुई हैं। जहां जान्हवी ने व्हाइट कलर की शर्ट के साथ डेनिम पहना, वहीं शिखर ब्लैक शर्ट और ब्राउन कलर की पैंट में नजर आए। दोनों एक–दूसरे के करीब भी थे और दूर–दूर भी थे। पपराजी के कहने पर जान्हवी ने अकेले ही पोज दिया और शिखर आगे निकल गए, जिन्हें देखकर जान्हवी मुस्कुराने लगीं। बॉलीवुड का एक और कपल इन दिनों खूब चर्चा में है। हम बात कर रहे हैं आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे की। अब दोनों पब्लिक प्लेस पर साथ ही नजर आते हैं। अनंत और राधिका के प्री–वेडिंग बैश में तो दोनों एक–दूसरे की बांहों में बांहें डालकर इंजॉय करते हुए नजर आए।

# राहा कपूर का इंस्टाग्राम डेब्यू! आलिया ने बेटी के साथ शेयर की फोटो



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री–वेडिंग फंक्शन में बॉलीवुड के कई दिग्गज शामिल हुए। जैसे ही सेलिब्रेशन की तस्वीरें सामने आ रही हैं, फैंस देखने के लिए एक्साइटेड हो गए हैं। लेकिन इन सबके बीच, आलिया भट्ट की नई पोस्ट ने सबका ध्यान खींचा है। एक्ट्रेस ने अपनी बेटी राहा कपूर की पहली फुल लेंथ फोटो फाइनली शेयर कर दी है। फंक्शन के लिए राहा और आलिया भट्ट एक जैसी प्रिंटेड ड्रेस में नजर आ रही हैं।

**फैंस को लगी हूबहू मां की परछाई**

आलिया भट्ट ने पैंटसूट पहना था और अपने बाल खुले रखे थे, वहीं तैं झंचववत फ्रॉक और पिगटेल में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। ऐसा लगता है कि तस्वीर उस इवेंट से क्लिक की गई है, जहां आलिया और रणबीर अपनी बेटी को भी वंतारा लेकर गए थे, जहां थीम का टाइटल श्ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइडश था।

**इंस्टाग्राम पर राहा कपूर की पहली फोटो**



आलिया ने पति रणबीर कपूर के साथ भी पोज देते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, एक क्लिक में उन्हें अपनी ननद करीना कपूर खान के साथ तैयार होते हुए देखा गया। ट्रेडिशनल कपड़े पहनने के अलावा, आलिया ने एक पार्टी के लिए एक ग्लैमरस नीला गाउन भी पहना था। फोटोज में करीना के साथ उनकी एक तस्वीर भी है, जिसमें दोनों अपने कपड़ों और गहनों में सजी–धजी थीं।

**रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ आलिया की फिल्म**

आखिरी बार करण जौहर की श्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीश में नजर आईं आलिया, रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ श्लव एंड वॉरश में संजय लीला भंसाली के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार हैं।

**जामनगर में सितारों से सजी शाम**

जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट का प्री–वेडिंग फंक्शन तीन दिनों (1–3 मार्च) तक चला। हर दिन मेहमानों के लिए थीम, स्टार्स से सजी परफॉर्मेंस, इवेंट में स्पीच और डिनर से भरा हुआ था। बॉलीवुड से अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, ऐश्वर्या बच्चन और कई टॉप सेलेब्स इस समारोह का हिस्सा थे।

# दिन शगना को छोड़ सुरभि चंदना ने ब्राइडल एंट्री पर बजवाया पाकिस्तानी गाना

*नागिन 5 की एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने 2 मार्च को बॉयफ्रेंड करण शर्मा से जयपुर में शादी कर ली। इसके कई सारे वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस बीच, लोगों का ध्यान उनकी ब्राइडल एंट्री पर गया, जिसमें पाकिस्तानी गाना बज रहा है। लोग उनकी तारीफ भी कर रहे हैं कि उन्होंने कुछ अलग चुना है।*



नागिन 5 की एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने बॉयफ्रेंड करण शर्मा से जयपुर में वीकेंड पर शादी कर ली। हालांकि, दोनों ने केवल परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में ही शादी की। सुरभि अपनी शादी के दिन बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनके पति करण भी काफी हैंडसम लग रहे थे। दोनों की शादी के कई सारे वीडियोज सोशल मीडिया पर पहले ही वायरल हो चुके हैं, लेकिन जिस बात पर बहुत से लोग चर्चा कर रहे हैं, वह है दुल्हन की ब्राइडल एंट्री। एक वीडियो में, सुरभि अपने दूल्हे करण की ओर चल रही हैं और बैकग्राउंड में वायरल पाकिस्तानी गाना श्कहानी सुनोश बज रहा है। कई लोगों को ये भी पसंद आया है। जब कपल ने एक–दूसरे को माला पहनाई, तो हनिया आमिर और वहाज अली के फेमस शो श्मुझे प्यार हुआ थाश का गाना बजाया गया और इसे सुनते ही कुछ लोग इस बारे में बातें भी करने लगे। सुरभि चंदना ने कई सारे शादी के गानों को छोड़कर पाकिस्तानी गाना बजवाया। लोग कमेंट सेक्शन में इस बात पर ज्यादा चर्चा कर रहे हैं कि सुरभि की पसंद अच्छी रही।

**सुरभि चंदना की शादी**

सुरभि और करण की शादी के फंक्शन्स में चूड़ा सेरेमनी, मेहंदी, हल्दी और 1 मार्च को एक सूफी नाइट हुई। उसके बाद फेरे और 2 मार्च को एक रिसेप्शन हुआ। सुरभि और करण ने सूफी रात के लिए काले रंग के आउटफिट चुने। हल्दी के लिए पर्पल और पिंक शेड्स पहने। शादी के लिए दोनों ने पिंक और सुनहरे रंग के कपड़े पहने।

**१३ साल का सुरभि और करण का रिश्ता**

सुरभि और करण 13 साल से रिलेशनशिप में हैं। इस कपल ने अपनी शादी को बेहद प्राइवेट बनाए रखने का फैसला किया। दरअसल, एक बातचीत के दौरान सुरभि ने यह भी बताया था कि वह सिर्फ रिश्ते को नाम देने के लिए शादी कर रही हैं। श्इश्कबाजश एक्ट्रेस को जयपुर में अपनी शादी के लिए रवाना होने से एक दिन पहले तक बरुन सोबती के साथ अपनी नई वेब सीरीज श्रक्षकश का प्रमोशन करते देखा गया था।

# अचानक से बहुत ज्यादा ठंड लगना अक्सर सामान्य नहीं है



**हाइपोथर्मिया क्या है**

हाइपोथर्मिया एक मेडिकल शब्द है, जो शरीर की तापमान कम होने की स्थिति को दर्शाता है। हम सभी के शरीर का एक सामान्य तापमान होता है, जो कि कुछ हार्मोन द्वारा कंट्रोल किया जाता है। जब शरीर का तापमान, सामान्य तापमान के स्तर से अचानक से नीचे गिर जाता है, तो इस स्थिति को हाइपोथर्मिया कहा जाता है।

*हाइपोथर्मिया एक इमरजेंसी मेडिकल कंडीशन है। यह तब होता है, जब आपका शरीर गर्मी पैदा करने की बजाए, तेजी से गर्मी खोने लगता है।*

मायोक्लोनिक की एक रिपोर्ट के अनुसार शरीर का सामान्य से अधिक तापमान गिरना शरीर के कई अंगों पर नकारात्मक प्रभाव भी डालता है। जिससे आपका हृदय और तंत्रिका तंत्र सामान्य रूप से काम नहीं कर पाते हैं। उपचार न किए जाने पर हाइपोथर्मिया आपके हार्ट फेल और मृत्यु का कारण बन सकता है। जानिए क्या है यह बीमारी, इसके लक्षण और इलाज के बारे में।

**शरीर का तापमान क्या होता है**

शरीर का सामान्य तापमान आपकी उम्र, लिंग और स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करता है। वैसे, हमारे शरीर का सामान्य शारीरिक तापमान 98.6 डिग्री फारेनहाइट से लेकर 100.4 डिग्री फारेनहाइट तक होता है।

**हाइपोथर्मिया खतरा इन लोगों में ज्यादा होता है**

हाइपोथर्मिया की समस्या वैसे तो किसी को भी हो सकती है, लेकिन बढ़ती उम्र, नवजात शिशु या किसी हार्मोनल समस्या से पीड़ित व्यक्ति में इसके होने के खतरे अधिक होते हैं। क्योंकि ऐसे लोगों में सामान्य शारीरिक तापमान को बनाए रखने की क्षमता कम हो जाती है। जो लोग डिप्रेशन और साइकोटिक दवाओं का सेवन करते हैं, उनमें भी यह समस्या देखी जा सकती है।

**हाइपोथर्मिया के लक्षण**

हाइपोथर्मिया होने पर मरीज में इस तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं, जिनमें शामिल हैं: जैसे हाइपोथर्मिया के कारण आपको अधिक कंपन और थकान महसूस हो सकती है। ऐसा होने पर व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इस स्थिति में मरीज को बोलने में भी काफी दिक्कत होती है। हाइपोथर्मिया की समस्या होने पर मरीज की मानसिक क्षमता प्रभावित होती है। कुछ लोगों को इस समस्या की वजह से शारीरिक थकान का भी सामना करना पड़ सकता है। जिसका प्रभाव याददाश्त पर भी पड़ता है। हाथ और पैरों में सुन्नपन महसूस हो सकता है।



## मोटे लोगों को कोने–कोने से ढूंढ निकालती हैं 16 बीमारी

मोटापा इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 2022 तक दुनियाभर में करीब 80 करोड़ लोगों का वजन जरूरत से ज्यादा है। यह बीमारी शरीर को बेहद कमजोर बना देती है। जो लोग मोटापे के शिकार होते हैं उनको 16 बीमारियों का खतरा ज्यादा होता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डायबिटीज एंड डायजेस्टिव एंड किडनी डिजीज ने बताया कि ओबेसिटी और ओवरवेट होने से कई सारी हेल्थ प्रॉब्लम्स होती हैं। अगर आपके पेट और कमर पर अत्यधिक फैट है तो इन बीमारियों का खतरा दोगुना हो जाता है। यह बताता है कि आपकी डाइट में पोषण की कमी है। मोटे लोगों को टाइप 2 डायबिटीज का खतरा हो जाता है। इसके पीछे उनकी डाइट में शुगर की ज्यादा मात्रा होती है, जिससे ब्लड शुगर हाई रहने लगता है। ऐसे लोगों के खाने में नमक और फैट की मात्रा ज्यादा होने से हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी भी घेर लेती है। जब कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर से दिमाग की नसें ब्लॉक होकर फट सकती हैं। इसकी वजह से ब्रेन स्ट्रोक आ सकता है जो कि लकवा कर देता है। मेटाबॉलिक सिंड्रोम ऐसी बीमारियों का समूह है जो हार्ट डिजीज, डायबिटीज और स्ट्रोक का खतरा बढ़ाती हैं।

## ऐसे काम करने वाली महिलाओं को ज्यादा आता है हार्ट अटैक

हृदय रोग महिला और पुरुषों में होने वाली मौतों का मुख्य कारण है, लेकिन महिलाएं हृदय रोग से असमान रूप से प्रभावित होती हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हर साल हृदय रोग से मरने वाले पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या ज्यादा होती है। गाजियाबाद के मणिपाल अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि महिलाओं में अधिक हृदय रोग होने के कई कारण हैं, जिनमें जैविक अंतर, जीवनशैली के विकल्प एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। महिलाओं को हृदय रोग होने के मुख्य कारणों में उनमें हार्मोन में होने वाला परिवर्तन है। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अधिक मात्रा में उत्पन्न होने वाला हार्मोन एस्ट्रोजन कार्डियोवैस्कुलर प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करता है। लेकिन मेनोपॉज के बाद शरीर में एस्ट्रोजन का स्तर कम हो जाता है, जिससे हृदय रोग का जोखिम बढ़ जाता है। अध्ययनों में सामने आया है कि मेनोपॉज के बाद पहले साल हृदय रोग का जोखिम काफी बढ़ जाता है। महिलाओं में स्वास्थ्य की अन्य समस्याओं के कारण भी हृदय रोग बढ़ता है। महिलाओं को क्रोनिक समस्याओं जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, और मोटापे की संभावना अधिक होती है।

## बिन जिम के गल जाएगी शरीर के एक–एक हिस्से की चर्बी



मोटापा एक तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। मोटापा न सिर्फ आपके शरीर की सुंदरता को कम करता है बल्कि कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बनता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जिस तेजी से यह समस्या बढ़ती जा रही है, उसे देखते हुए यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि साल 2035 तक करीब 1.9 बिलियन लोग मोटापे की गिरफ्त में होंगे और हर 4 में से 1 व्यक्ति इससे पीड़ित होगा। मोटापे के नुकसान? मोटापा कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों को जन्म दे सकता है। इससे आपको डायबिटीज, हार्ट डिजीज, फैटी लीवर, गॉलब्लैडर, हाई बीपी, स्लीप एप्निया, स्ट्रोक, कैंसर और अस्थमा सहित अन्य बीमारियों का जोखिम होता है। हर साल 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस या वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को मोटापा और उससे जुड़े नुकसानों के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर नॉएडा के ई–260 सेक्टर 27 स्थित श्कपिल त्यागी आयुर्वेद क्लिनिकश् के डायरेक्टर कपिल त्यागी आपको मोटापे के लिए असरदार आयुर्वेदिक उपाय बता रहे हैं। गुग्गल एक हर्बल उपाय है जिसका उपयोग लंबे समय से आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता रहा है। गुग्गुल में पाए जाने वाला गुग्गुलस्टरोन नामक तत्व शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन कम करने में मदद करता है।

# 5 काम करने से दूर रहता है खतरनाक से खतरनाक कैंसर



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*दुनियाभर में कैंसर सबसे बड़े हेल्थ चौलेंज में से एक है, जो हजारों जिंदगी लील रहा है। लेकिन सही और साइंटिफिक जानकारी लेकर इंसान इसके जोखिम को कम कर सकता है। कैंसर से बचाव के तरीके अपनाकर और इस बीमारी को जल्द पहचानकर हम इसका सामना मजबूती से कर सकते हैं।*

**कैंसर से बचाने वाली डाइट**

नई दिल्ली, पश्चिम विहार में स्थित एक्शन कैंसर अस्पताल के मेडिसिन ऑन्कोलॉजी डिपार्टमेंट के यूनिट हेड और सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कुमारदीप दत्ता चौधरी ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना कैंसर से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम चर्बी वाले प्रोटीन से भरपूर आहार जरूरी पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करता है, जो कैंसर से बचाने में मदद करते हैं। वहीं, प्रोसेस्ड मीट, मीठे पदार्थ और अधिक मात्रा में फैट वाले खाद्य पदार्थ खाने से खतरा बढ़ सकता है। संतुलित आहार अपनाकर व्यक्ति अपने शरीर को मजबूत बना सकते हैं।

**फिजिकल एक्टिविटी**

शारीरिक गतिविधि भी कैंसर से बचाव का एक प्रमुख तरीका है। नियमित व्यायाम न केवल वजन को नियंत्रित करने में मदद करता



है, बल्कि ब्रैस्ट, स्टमक और प्रोस्टेट कैंसर सहित कई तरह के कैंसर को दूर रखता है। आपको हफ्ते में कम से कम 150 मिनट मीडियम इंटेंसिटी फिजिकल एक्टिविटी करनी चाहिए जैसे तेज चलना, साइकिलिंग या स्विमिंग।

**तंबाकू और शराब से दूरी**

तंबाकू का सेवन कैंसर का सबसे बड़ा कारण है जिसे रोका जा सकता है। सिगरेट, सिगार और बिना धुएं वाले तंबाकू सहित किसी भी रूप में तंबाकू नहीं लेना चाहिए। इससे फेफड़े, गले और मुंह के कैंसर आदि का खतरा काफी कम हो जाता है। इसके अलावा, शराब का सेवन सीमित करने से भी कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं। इससे लिवर, ब्रेस्ट और कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा काफी कम होता है।

**अल्ट्रावायलेट रेज से बचाव**

स्किन कैंसर काफी आम है जिससे सिर्फ सूरज की हानिकारक रोशनी से दूर रहकर बचा जा सकता है। तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और हाई एसपीएफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। इससे हानिकारक पराबैंगनी किरणों से होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है।

**रेगुलर स्क्रीनिंग**

हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ रेगुलर कैंसर स्क्रीनिंग करवाना और कैंसर को जल्दी पहचानना भी महत्वपूर्ण है। स्क्रीनिंग टेस्ट शुरुआती स्टेज में ही कैंसर का पता लगा सकते हैं और इस वक्त इलाज करना काफी आसान होता है। स्तन कैंसर के लिए मैमोग्राम, सर्वाइकल कैंसर के लिए पैप टेस्ट, कोलोरेक्टल कैंसर के लिए कोलोनोस्कोपी और मेलेनोमा के लिए स्किन एग्जाम कैंसर का जल्दी पता लगाने में मदद करते हैं।



भारत सीरीज में 3-1 से है आगे

इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम इंडिया 3–1 से आगे हैं। भारतीय टीम को सीरीज के पहले ही मैच में हार मिली थी, लेकिन इसके बाद मेजबान टीम ने धमाकेदार वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर सीरीज पर अजेय बढ़त बना लिया है।

## मंजिल से ज्यादा सफर खास रहा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** धर्मशाला। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का अंतिम मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ यह मुकाबला टीम इंडिया के सीनियर ऑफ स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन के लिए 100वां टेस्ट होगा। करियर के इस खास मैच से पहले अश्विन मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए। इस दौरान उन्होंने अपने 100वें टेस्ट मैच तक पहुंचने के सफर को याद किया। रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की सीरीज उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी जिससे उन्हें अपनी गलतियों को सुधारने में मदद मिली। इंग्लैंड ने वह सीरीज 2–1 से जीती थी जो भारत में 1984–85 के बाद सीरीज में उसकी पहली जीत थी। अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की सीरीज मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। इंग्लैंड के खिलाफ सात मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने करियर के सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने इस बारे में कहा, ''यह बड़ा खास मौका है। मंजिल से ज्यादा मेरे यहां तक पहुंचने का सफर खास रहा है। हालांकि 100वें टेस्ट से मेरी तैयारी में कोई बदलाव नहीं आया है। हमें बस अंतिम टेस्ट मैच जीतना है।

# धर्मशाला में इतिहास रचने से एक कदम दूर रोहित शर्मा

क्रिकेट

## 6 छक्के लगाते ही रोहित के नाम जुड़ेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की जारी टेस्ट सीरीज 3–1 से पहले ही अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से धूल चटाई थी।

कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला सिर्फ राजकोट टेस्ट में ही जमकर गरजा था, जिसमें उन्होंने पहली पारी में 131 रन की यादगार पारी खेली थी। अब भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है, जिसमें कप्तान रोहित शर्मा एक बड़ा मुकाम हासिल करेंगे, जो आज तक कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं कर पाया।

दरअसल, कप्तान रोहित शर्मा पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ



एक सिक्स लगाते ही एक खास मुकाम हासिल कर लेंगें। डब्ल्यूटीसी में रोहित 50 सिक्स लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज और ओवरऑल दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। 36 साल के रोहित ने अभी तक 31 मैच खेलते हुए 49 सिक्स लगाए हैं। ऐसे में धर्मशाला टेस्ट में एक सिक्स लगाते ही खास उपलब्धि हासिल करेंगे। उनसे पहले इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने 44 मैच खेलते हुए 78 सिक्स लगाए हैं। वहीं, ऋषभ पंत ने 24 मैच खेलते हुए 38 सिक्स लगाए।

रोहित शर्मा के निशाने पर एक बड़ा रिकॉर्ड भी है। हिटमैन ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक कुल 594 छक्के लगाए हैं। अगर रोहित छह छक्के लगाने में सफल रहते हैं, तो वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 600 सिक्स लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर क्रिस गेल है, जिनके नाम 553 सिक्स दर्ज हैं।

इस बीच, धर्मशाला में लगे पोस्टर बताते हैं कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़, केंद्रीय खेल मंत्री और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के साथ बिलासपुर जिले में खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। उनके हेलीकॉप्टर से आने की उम्मीद है। भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने लुहणू मैदान में अगले कुछ दिनों में होने वाली कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल गतिविधियों की घोषणा की। स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़क पर पूर्व एचपीसीए अध्यक्ष ठाकुर और उनके आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन भाई अरुण धूमल के पोस्टर लगे हुए हैं।

# डीआरएस को लेकर डब्ल्यूपीएल में भी विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। महिला प्रीमियर लीग 2024 का 11वां मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स के बीच खेला गया। मैच में आरसीबी की टीम ने 23 रन से मुकाबला जीत लिया लेकिन इस जीत के साथ ही एक विवाद भी उठ खड़ा हुआ। यह विवाद हुआ डीआरएस को लेकर। इसके साथ ही एक बार फिर हॉक आई टेक्नोलिजी पर सवाल उठ खड़ा हुआ है। दरअसल श्रीलंका की स्टार खिलाड़ी चमारी अटापट्टू टूर्नामेंट के सबसे विवादित डीआरएस फैसलों में से एक का शिकार हुईं। दूसरी पारी के सातवें ओवर में, गेंद अटापट्टू के पैड पर लगी, और जोरदार अपील के बाद भी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया।

हालांकि, बैंगलोर द्वारा डीआरएस

■लेग स्पिन गेंद हॉकआई उल्टा घूमा दिया

लेने पर, रिप्ले में कुछ अलग ही दिखा। हॉक–आई से गेंद बाईं तरफ मुड़ती हुई दिखनी चाहिए थी और वह लेग स्टंप से चूक जाती। लेकिन, गेंद गुगली की तरह दूसरी तरफ मुड़ गई, और चामरी अटापट्टू को आउट करार दिया गया।

महिला प्रीमियर लीग में हुई इस घटना का वीडियो की अब सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। अटापट्टू डीआरएस देखकर अवाक रह गईं और यूपी वारियर्स की कप्तान एलिसा हेली अंपायर से बहस करती रहीं, जबकि बैंगलोर की खिलाड़ी विकेट का जश्न मनाने लगे। सिर्फ इतना नहीं, पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी इस हॉक आई के इस फैसले पर तंज कसा है। आकाश ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखते हुए कहा, ये लेग स्पिन की गेंद है। गेंद पैर के बहुत करीब पिच होती है। हॉक–आई का अनुमान है कि गेंद सीधी या गूगली है... और यह बीच के स्टंप को मारती है। मुझे इंतजार रहेगा कि हॉक–आई के इस बारे में क्या कहती है। क्या गेंद पैड से टकराने वाली जगह के बहुत करीब पिच होने पर ज्यादा गलतियां होती हैं? याद करें जो रूट का एलबीडब्ल्यू भी एक हाफ–वॉली पर था।

महिला प्रीमियर लीग 2024 के 11वें मैच में यूपी वॉरियर्स की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बैटिंग के लिए उतरी आरसीबी ने 198 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

## धोनी के चेले की लगी लंका, पहले ओवर में दिए सिर्फ 2 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंकाई टीम इस वक्त बांग्लादेश के दौरे पर है। यहां दोनों टीमों के बीच तीन टी–20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैच की सीरीज खेली जानी है। श्रृंखला की शुरुआत टी–20 फॉर्मेट से हुई। बीती रात सिलहट में खेले गए पहले टी–20 इंटरनेशनल में श्रीलंका ने बांग्लादेश को एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर तब हराया, जब बांग्ला टाइगर्स जरूरी पांच रन नहीं बना सके। मगर यह मुकाबला श्रीलंका की तीन रन की सांस थामने वाली जीत से ज्यादा उनके स्टार पेसर मथीशा पथिराना की बेदम कुटाई के लिए याद रखा जाएगा। दिग्गज लसिथ मलिंगा की तरह स्लिंग एक्शन वाला यह तेज गेंदबाज मैच में बेहद महंगा साबित हुआ। मथीशा पथिराना ने मैच में अपने चार ओवर के कोटा में 14 की महंगी इकॉनमी रेट के साथ 56 रन खर्च कर डाले, इसके एवज में उन्हें सिर्फ एक ही विकेट मिल पाया। पथिराना को चार ओवर में 24 गेंदों की बजाय कुल 36 गेंद फेंकनी पड़ी। इस तरह 54 में से 12 रन तो नौ वाइड और तीन नो बॉल से निकले।

## न्यूज डायरी



### बच्चा बनना चाहते हैं कमिंस, मां की मौत का बताया जिंदगी का सबसे कठिन वक्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस अभी तक अपनी मां के निधन के सदमे से उबर नहीं सके हैं। भारत के खिलाफ एक अहम टेस्ट सीरीज के दौरान कमिंस को अपनी मां के कैंसर के कारण बिगड़ती हालत की खबर मिली। ऐसे में उन्होंने फौरन सीरीज बीच में छोड़कर अपने परिवार के साथ रहने के लिए घर वापस जाने का कठिन निर्णय लिया। कमिंस की मां मारिया का पिछले साल कैंसर के कारण निधन हो गया था। कमिंस ने एक पॉडकास्ट में कहा, 'मैं जब भारत दौरे के लिए हवाई जहाज में बैठ रहा था तभी मुझे पता था कि कुछ सप्ताह में लौटना पड़ेगा।' उन्होंने कहा, उस समय में दूर जाना मेरे जीवन का सबसे कठिन समय था। जब भी मैं बाहर जाता तो मुझे लगता कि घर पर समय बिताने के बजाय मैं जान बूझकर खेलने का विकल्प चुन रहा हूं, लेकिन मेरे माता पिता को मुझे खेलते देखकर बहुत खुशी होती थी और इसी से मुझे खेलने का आत्मविश्वास मिला। उस समय जितने भी समय मैं भारत में था, मेरा मन घर पर ही लगा रहा। तीसरे टेस्ट के लिए उनकी वापसी की उम्मीद के बावजूद, कमिंस को अपनी छुट्टी बढ़ानी पड़ी क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को अपनी मां को खो दिया। इस दुखद खबर का मतलब था कि वह वनडे सीरीज भी नहीं खेलते। कमिंस ने इस कठिन समय के दौरान अपने कड़वे अनुभव साझा किए।

### रणजी ट्रॉफी में बवाल, कोच ने कप्तान पर फोड़ा हार का ठीकरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई के हाथों मिली करारी हार के बाद तमिलनाडु टीम में अफरा–तफरी का माहौल है। टीम का माहौल पूरी तरह बिगड़ चुका है। एक–दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने हार के पीछे अजीबोगरीब तर्क देते हुए टॉस को दोषी ठहराया है। तमिलनाडु के कोच की मानें तो कप्तान आर. साई किशोर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जबकि हमें गेंदबाजी करनी चाहिए थी। इस बयान के बाद अब क्रिकेट जगत में भूचाल आ गया है। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर और तमिलनाडु के खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने कोच सुलक्षण कुलकर्णी के बयान को गैरजिम्मेदाराना और बेकार बताया। तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी का मानना है कि टीम रणजी ट्रॉफी 2023–24 का सेमीफाइनल शुरू होते ही हार गई थी। कप्तान आर. साई किशोर के गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद पहले बल्लेबाजी करने के फैसले की कोच कुलकर्णी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वे विपक्षी टीम के पहले गेंदबाजी करने के लिए मानसिक रूप से तैयार थे और कप्तान के फैसले ने उन्हें चौंका दिया। कुलकर्णी ने बताया कि उन्हें बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों की जानकारी थी और उन्होंने सुझाव दिया था कि पहले गेंदबाजी करनी चाहिए।

### शार्दुल ठाकुर ने फर्स्ट क्लास में जड़ा पहला शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इस वक्त इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर चल रहे हैं, लेकिन घरेलू मैचों में वह शानदार परफॉर्म कर रहे हैं। रणजी ट्रॉफी 2023–24 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में शार्दुल ठाकुर ने शानदार शतक जमाया। उन्होंने 13 चौके और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। यह शतक शार्दुल के फर्स्ट क्लास क्रिकेट का पहला शतक भी रहा, जिसके दम पर मुंबई ने पहली पारी में 300 रनों का आंकड़ा पार किया। शार्दुल ने बैटिंग के अलावा बॉलिंग में भी कमाल का खेल दिखाया। उन्होंने 4 विकेट भी लिए। वहीं, मुंबई ने तमिलनाडु को एक इनिंग और 70 रनों से मात देकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। मुंबई के लिए हीरो रहे शार्दुल ठाकुर ने मैच के बाद एक बयान दिया, जिससे ऐसा लगा कि उन्हें खुद टीम इंडिया में वापसी का विश्वास नहीं। शार्दुल ठाकुर ने आखिरी टेस्ट मैच भारत के लिए जनवरी 2022 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उसके बाद से वह टीम से बाहर चल रहे हैं। भारत–इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भी शार्दुल ठाकुर को मौका नहीं मिला, लेकिन हाल ही में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में उन्होंने तूफानी शतक जमाकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दरवाजा खटखटाया। शतक जड़ने के बाद शार्दुल न कहा कि टीम इंडिया से ड्रॉप होने के बाद रणजी ट्रॉफी में शतक ने उन्हें राहत की सांस दी है।

पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, बुधवार, 6 मार्च 2024





मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करते हुए रंवाई क्षेत्र की जनता।

## संक्षिप्त समाचार

### रंवाई क्षेत्र की जनता ने किया मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बड़कोट, उत्तरकाशी में मुख्य बाजार, बड़कोट से रामलीला मैदान तक आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद महिलाओं, क्षेत्रीय जनता ने मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रंवाई क्षेत्र की जनता के भव्य स्वागत से मुख्यमंत्री अभिभूत नजर आए। मुख्यमंत्री ने भी लोगों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### उत्तराखण्ड में 33 परियोजनाओं के लिए केंद्र ने जारी किए 559 करोड़

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों के क्रम में भारत सरकार ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अवस्थापना विकास हेतु 33 परियोजनाओं के लिए ₹559 करोड़ की धनराशि जारी करा दी है। वित मंत्रालय ने मंगलवार को इस बाबत पत्र उत्तराखण्ड शासन को भेज दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई धनराशि से प्रदेश में विकास को और तेज गति मिलेगी।

### अल्पसंख्यक बोले शुक्रिया मोदी जी

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मंगलवार को महानगर कार्यालय में शुक्रिया मोदी जी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अल्पसंख्यकों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चे की अध्यक्ष यासमीन आलम खान ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर बढ़ रहा है। पिछली दस सालों की सरकार में हम अल्पसंख्यक महिलाओं के लिये कई योजनाओं के माध्यम से लाभ देनें का काम किया गया है।

### सचिवालय–ए, डेंजर, लायंस, वॉरियर्स ने जीता क्रिकेट मैच

**संवाददाता** देहरादून। अंतर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता में सचिवालय डेंजर, सचिवालय–ए, सचिवालय लायंस और सचिवालय वॉरियर्स ने अपने–अपने मुकाबले जीते। सचिवालय क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को विभिन्न खेल मैदानों पर चौंपियनशिप के मैच खेले गए। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड रायपुर में पहला मैच सचिवालय डेंजर और सचिवालय विंग्स के बीच खेला गया। टीम डेंजर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 158 रन बनाए।

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने हो रहे हैं साकारः सीएम

**नियुक्ति पत्र**

■ मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट–2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उद्योग जगत से आये हुये उद्योगपतियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत, करते हुये कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा रही है, इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से



कहा कि आप हमारे ब्राण्ड अम्बेस्डर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। हमने दिल्ली, लन्दन, दुबई, अहमदाबाद, मुम्बई, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून आदि स्थानों पर निवेश हेतु जितने प्रयास किये, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आप लोगों ने किया तथा विकास के हर क्षेत्र में आपने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं तथा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो हमने महज 3 माह में प्राप्त किया है। इसे हम शत–प्रतिशत करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने इन्वेस्टर समिट के दौरान जो सपने देखे थे, वे सपने अब धीरे धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अवस्थापना के क्षेत्र में आज निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क हो या हवाई इसमें लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ के लिये 42 सीटर हवाई जहाज संचालन की अनुमति मिल चुकी है तथा पन्तनगर को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव के कारण उत्तराखण्ड को जहां एक नई पहचान मिली है, वहीं लोगों का विश्वास भी बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को इसी तरह समय समय पर धरातल पर उतारने का काम आप सभी के सहयोग से किया जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है।

### यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगाः सीएस

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिये हमने 30 नई नीतियां बनाई है तथा हमारा उद्योग जगत से निरन्तर संवाद बना हुआ है उद्योगों से सम्बन्धित जो भी समस्या होगी, उनका त्वरित निस्तारण किया जायेगा ताकि उत्तराखण्ड इन्वेस्टमेंट में भी अग्रणी राज्य बन सके। कार्यक्रम को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तराखण्ड नित नये–नये प्रतीयमान स्थापित कर रहा है तथा यहां उद्योगों के अनुकूल वातावरण होने के साथ ही सभी प्रकार की अवस्थापना सुविधायें मौजूद हैं और मुख्यमंत्री के मंत्र–सरलीकरण, निस्तारण, समाधान के तहत कार्य करते हुये राज्य निरन्तर प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम को अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए अब तक हुए निवेश के सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला।

# किसी भी प्रकार की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करें

**बैठक**

■ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा समान्य निर्वाचन–2024 को समुचित ढंग से सम्पन्न कराये जाने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा ने नोडल अधिकारी आयकर, उपायुक्त राज्य कर विभाग एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा ने आयकर, राज्यकर एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्वाचन हेतु नियुक्त की गई टीमों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सम्बन्धित विभागों को निर्वाचन आयोग के ईएसएमएस एप्प के माध्यम से जानकारी साझा करेंगे तथा एप्प पर सम्बन्धित विभागों के स्टेट नोडल अधिकारी कर्मचारियों को ऑनबोर्ड करेंगे। उन्होंने विभागों को विभागीय स्तर पर नोडल बनाते हुए उनके सुपर विजन में विभिन्न सूचनाओं पर टीमें जाएं ताकि शिकायती क्षेत्र की नजदीकी टीम त्वरित कार्यवाही कर सके। इसके लिए सभी टीमों में आपसी समन्वय रहे। सभी टीमें वीडियो निगरानी टीम, उड़न दस्ते, स्थैटिक निगरानी टीम 24×7 सक्रिय रहेंगी।

निर्वाचन के दौरान चुनाव को प्रभावित की जाने वाली सामग्री वितरण एवं अवैध सामग्री परिवहन की सूचनाओं पर सेलटैक्स विभाग को अपने कार्मिकों को तैनात करने तथा एप्प से जोड़ने के निर्देश दिए। निर्वाचन हेतु नियुक्त समस्त टीमों एवं कन्ट्रोलरूम 24×7 कार्य करेंगे, किसी भी प्रकार की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करेंगे।

### राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन को तेज किया दबाव

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। मोर्चा की हुई ऑनलाइन बैठक में साफ किया गया कि जो भी पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन बहाली का वादा करेगी, कर्मचारी उसे ही वोट करेंगे। मोर्चा की ऑनलाइन बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव नेगी ने कहा कि यदि एनपीएस योजना इतनी ही बेहतर है, तो उसे क्यों जनप्रतिनिधियों पर लागू नहीं किया जा रहा है। ओपीएस बहाली को लेकर छह मार्च को ऋषिकेश में रैली होगी। रैली में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल होंगे। त्रिवेणी घाट तक रैली निकालने के साथ ही गंगा आरती में कर्मचारी शामिल होंगे। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता रानी ने कहा कि मां गंगा से प्रार्थना की जाएगी कि केंद्र और राज्य सरकार को सद्बुद्धि दी जाए कि वो पुरानी पेंशन बहाली का लाभ कर्मचारियों को दे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।